Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Vaccination of the Remaining 32% highly sensitive cows on time in Rajasthan.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): सभापति महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा 'लम्पी' बीमारी की रोकथाम के प्रभावी कदम उठाए गए । महोदय, केन्द्र सरकार टीके के आविष्कार से लेकर आवश्यक दवाओं को राज्यों की मांग स्वरूप उपलब्ध कराती रही और वही इसकी रोकथाम के लिए राज्य सरकारों को गाइडलाइंस भी देती रही । लेकिन राजस्थान प्रदेश की राज्य सरकार इस बीमारी पर राजनीति करती रही । हाल ही में राज्य की ओर से केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि करीब 32 फीसदी अति-संवेदनशील गायों का टीकाकरण ही नहीं हो पाया है । महोदय, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे कई राज्यों में 90 फीसदी से ज्यादा गायों का एलएसडी टीकाकरण हुआ, जबकि राजस्थान में यह केवल 68 प्रतिशत ही किया गया । पूरे देश में सर्वाधिक मौतें राजस्थान में ही हुईं ।

अत: मेरा सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से यह आग्रह है कि इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब-तलब किया जाए और बाकी बची 32 प्रतिशत अति-संवेदनशील गायों का टीकाकरण समय पर किए जाने हेतु उन्हें निर्देशित किया जाए ।

धन्यवाद ।